# यह समझना कि आपके शिशु के साथ क्या हुआ



*इस बहुत कठिन समय में आपकी स्वास्थ्य सेवा टीम यहाँ आपके लिए है। आपके प्रियजन की मृत्यु का हमें बहुत दुःख है।*

# इस ब्रोशर को रखने का अर्थ शायद यह है कि आपने अपने सुंदर शिशु को खो दिया है। हमें बहुत दुःख है।

## जब आप दुखी होते/ती हैं, तो निर्णय लेना बहुत कठिन हो सकता है।

आपके शिशु को क्या हुआ, यह देखने के लिए आपको जाँचों के बारे में सोचने के लिए कहा गया हो सकता है। हो सकता है कि ये बातें आपने पहले न सुनी हों। आपके बहुत सारे प्रश्न या चिंताएँ हो सकती हैं - अधिकांश परिवारों को होती हैं। यह आपके द्वारा लिए जाने वाले सबसे कठिन निर्णयों में से एक है।

हर मृत जन्म को एक ही तरह से देखने की आवश्यकता नहीं है। आप अपनी स्वास्थ्य टीम से बात कर सकते हैं कि आपके, आपके परिवार और आपके बच्चे के लिए सर्वोत्तम क्या है।

*"अस्पताल के कर्मचारी शिशु की जाँचों और परीक्षणों के बारे में बात कर रहे थे और मैं वे निर्णय अपने आप नहीं ले सका/की थी। मेरे परिवार को निर्णय लेने में मेरी सहायता करने की आवश्यकता थी।"*

इस यात्रा में आपके मूल्य, संस्कृति और धर्म महत्वपूर्ण हैं और उनका सम्मान किया जाता है।

आप निम्नांकित के बारे में विचार करने का सोच सकते/ती हैं कि:

- निर्णय लेने में आपकी सहायता करने के लिए आपको किसकी आवश्यकता है? क्या आपको अपनी मम्मी, पापा, ऑन्टी, किसी बुजुर्ग या धार्मिक अग्रणी की आवश्यकता है?
- क्या आपको किसी दुभाषिए की आवश्यकता है?
- क्या आपको अपने विचार साझा करने या अपने प्रश्नों को लिखने में सहायता के लिए किसी की आवश्यकता है?
- क्या कोई विशेष वस्तुएं हैं जिन्हें आप अपने शिशु के साथ रखना चाहेंगी/गी?
- आपकी संस्कृति, आध्यात्मिकता या धर्म इस बारे में क्या कहता है कि आपको अपने शिशु का अंतिम-संस्कार कब करना चाहिए?
- क्या कोई रीति-रिवाज या संस्कार हैं जिनके बारे में विचार किया जाना है?

हमें आशा है कि यहाँ दी गई जानकारी से आपको यह समझने में सहायता मिलेगी कि आपके परिवार और शिशु के लिए सर्वोत्तम क्या है।

*"मेरे लिए सब कुछ धुँधला था। मैं बहुत उदास था/थी। मैं उस पल में शवपरीक्षा के बारे में कैसे निर्णय ले सकता था/सकती थी?"*

आपको इस पृष्ठ पर एक QR कोड (एक लिंक जिसे आप अपने फोन से स्कैन कर सकते/ती हैं जो आपको एक वेबसाइट पर ले जाएगा) मिलेगा। यहाँ आप पाएँगे/गी:

- एक वीडियो जिसमें भिन्न-भिन्न प्रकार की शवपरीक्षा और जाँचों के बारे में और इस बारे में बात की गई है कि आपके शिशु के साथ किस प्रकार व्यवहार किया जाएगा। **कृपया ध्यान दें कि यह वीडियो कुछ लोगों के लिए परेशान करने वाला हो सकता है।*
- अन्य माता-पिता की टिप्पणियों वाला एक वीडियो कि उन्होंने जो निर्णय लिए वे क्यों लिए।
- मार्गदर्शक वार्तालापों की एक प्रति।

मुझ को स्कैन करें

आप शवपरीक्षा और अन्य जाँच विकल्पों के बारे में अधिक जानकारी यहाँ प्राप्त कर सकते/ती हैं।

*"एक पिता के रूप में मैंने महसूस किया कि हमें वह करने की आवश्यकता है जो हमारा धर्म हमें करने के लिए कहता है, इसलिए निर्णय लेने में मेरी सहायता करने के लिए मैं किसी बुज़ुर्ग से बात करना चाहता था।"*

**यह आपका शिशु और आपकी यात्रा है। आप जो भी निर्णय लें, आपकी पसंद को समझा जाएगा और उसका सम्मान किया जाएगा।**

आपके शिशु के साथ क्या हुआ यह पता लगाने के विकल्पों के बारे में सोचते समय आपके कुछ प्रश्न हो सकते हैं:

- क्या मुझे निश्चित रूप से उत्तर मिलेंगे?
- मुझे कब तक निर्णय लेना है?
- शवपरीक्षा क्या होती है?
- बेबीग्राम क्या होता है?
- उत्तर खोजने में सहायता के लिए और कौन सी चीज़ें की जा सकती है?
- मेरे शिशु को कहाँ और कब तक के लिए ले जाया जाएगा?
- मेरे शिशु की देखभाल कौन करेगा?
- शवपरीक्षा या अन्य जाँचों (उदाहरण के लिए MRI) के दौरान क्या होता है?
- क्या मैं बाद में अपने शिशु को देख सकता/ती हूँ और वह कैसा दिखेगा?
- मैं परिणामों की अपेक्षा कब कर सकता/ती हूँ और मुझे ये कैसे मिलेंगे?

आपके शिशु के साथ क्या हुआ, यह पता लगाना आपके और आपके शिशु की देखभाल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आपकी स्वास्थ्य सेवा टीम यहाँ आपकी सहायता करने और निर्णयों को लेने में आपकी सहायता करने के लिए है। वे 'क्लिनिकल प्रैक्टिस गाइडलाइन्स' में दी गई जानकारी का पालन करते हैं, जो उन्हें बताती हैं कि इस समय आपकी सबसे अच्छी तरह से सहायता कैसे की जाए। इस (गाइडिंग कन्वर्सेशन) की अभिभावक प्रति QR कोड पर है।

यदि आप शवपरीक्षा कराना चुनते/ती हैं, तो एक पेरीनेटल पैथोलॉजिस्ट (एक प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवर) इसे करेगा। वह आपके शिशु की सबसे अच्छी देखभाल करेगा।

*"हमने शवपरीक्षा कराना चुना, कुछ माता-पिता नहीं चुनते हैं"*

***आप जो भी निर्णय लें, उत्तरों को खोजने में आपकी सहायता करने का प्रयास करने वाले सभी लोग आपके शिशु की बहुत अच्छी देखभाल करेंगे।***

आप अकेले/ली नहीं हैं। अपने शिशु को खोने वाले कई माता-पिता के भी वही प्रश्न थे जो आपके हैं। आप इस पृष्ठ पर और वीडियो में देख सकते/ती हैं कि उन्होंने हमें क्या बताया।

इन संसाधनों को आपकी स्वास्थ्य सेवा टीम से बात करने का स्थान नहीं लेना चाहिए। इस बुकलेट को पढ़ने और इन वीडियो को देखने के बाद अपने किन्हीं भी प्रश्नों या चिंताओं के बारे में उनसे पूछें। इन्हें देखने के लिए अपना समय लें। आप जितनी बार आवश्यकता हो उतनी बार वीडियो रोक या फिर से चला सकते/ती हैं। आपको निर्णय लेने के लिए कोई जल्दबाज़ी करने की ज़रूरत नहीं है। आपकी सहायता टीम आपको बता सकेगी कि आपके पास कितना समय है। आप अभी भी अपने शिशु के साथ समय बिता सकते/ती हैं।

परिवार के सदस्यों या दूसरे सहायक लोगों सहित अन्य लोगों से बात करना मददगार हो सकता है। आप आध्यात्मिक या सांस्कृतिक मार्गदर्शन या समर्थन भी प्राप्त करना चाह सकते/ती हैं।

मुझ को स्कैन करें

माता-पिता और पेशेवरों से अधिक जानकारी के लिए इस QR कोड को अपने फोन से स्कैन करें। हमें आशा है कि इससे आपके, आपके परिवार और आपके शिशु के लिए सर्वोत्तम निर्णय लेने में आपको सहायता मिलेगी।

यदि आपको किसी और जानकारी की आवश्यकता है या आप किसी अन्य से बात करना चाहते/ती हैं, तो आप रेड नोज़ 24/7 बेरीवमेंट सपोर्ट लाइन को 1300 308 307 पर कॉल कर सकते/ती हैं। फोन पर दुभाषिए के लिए TIS को 13 14 50 पर कॉल करें।

**जब आप अपने शिशु के लिए संभावित जाँच के बारे में सोचते/ती हैं तो आपको किस जानकारी और सहायता की आवश्यकता होती है? आपके क्या प्रश्न हैं?**

**आप इस स्थान का उपयोग ऐसी किसी भी चीज़ को साझा करने के लिए कर सकते/ती हैं जो आप चाहते/ती हैं कि आपकी स्वास्थ्य सेवा टीम आपकी संस्कृति, धर्म और मान्यताओं के बारे में जाने। आपकी संस्कृति, आपके निर्णय और आपका परिवार मायने रखता है।**

**rednose.org.au**

*यह ब्रोशर स्टिलबर्थ फाउंडेशन ऑस्ट्रेलिया और स्टिलबर्थ सेंटर ऑफ़ रिसर्च एक्सेलेंस ऑस्ट्रेलिया के साथ साझेदारी में रेड नोज़ द्वारा तैयार किया गया था। इस संसाधन के उत्पादन में हम ऑस्ट्रेलियन गवर्नमेंट डिपार्टमेंट ऑफ़ हेल्थ एंड एज्ड केयर के समर्थन को अभिस्वीकृति देते हैं। चित्रण तत्व इंजियस स्टूडियोज द्वारा डिज़ाइन किए गए हैं और बुकलेट को ब्रयूस्टर क्रिएटिव द्वारा डिजाइन किया गया है।*